सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून/नैनीताल 17 फरवरी 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान जनपद नैनीताल क्षेत्र में हनुमन्त अवतार परमपूज्य बाबा श्री नीब करौरी महाराज जी के साथ ही न्याय के देवता, गोलू देवता घोड़ाखाल मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा देश व प्रदेश की खुशहाली समृद्वि, प्रगति की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि इन स्थानों में पवित्रता, भव्यता, दिव्यता है वह अपने आप में एक अलग शक्ति है, ऐसा लगता है कि आज मैंने साक्षात दर्शन किये। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि, वीरभूमि एवं संतो की भूमि है। राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने बाबा केदारनाथ के प्रांगण से कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखण्ड का होगा। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर जो दिव्यता है उससे भारत को विकसित राज्य एवं विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

श्री नीब करौरी मन्दिर के प्रबन्धक दिनेश चन्द्र त्रिपाठी एवं न्याय के देवता गोलू देवता घोड़ाखाल मन्दिर के पुजारी कुंवर चन्द्र जोशी ने राज्यपाल को मन्दिरों की दिव्य शक्ति की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत राजभवन में कुलपति एन.के. जोशी ने राज्यपाल से भेंट कर विश्वविद्यालय के विभिन्न बिन्दुओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, उपजिलाधिकारी राहुल साह, पारितोष वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी विभा दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

..........0..........